<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

<u>प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं 113/2023)</u>

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने सत्रह शहरों और आसपास के क्षेत्रों में नामतः अगरतला, आगरा, औरंगाबाद, भावनगर, भोपाल, गुवाहाटी-बोंगाईगांव, हिसार, जयपुर, ओंगोल, पलक्कड़, रांची-गुमला, संगारेड्डी, त्रिची, आगरा-बरेली राजमार्ग, भावनगर-राजुला राजमार्ग, भोपाल-जबलपुर राजमार्ग और हिसार-रोहतक राजमार्ग, में आयोजित ड्राइव परीक्षणों पर रिपोर्ट जारी की।

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर 2023: ट्राई ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की सहायता से सत्रह शहरों व आसपास के क्षेत्रों तथा राजमार्ग, नामतः अगरतला, आगरा, औरंगाबाद, भावनगर, भोपाल, गुवाहाटी-बोंगाईगांव, हिसार, जयपुर, ओंगोल, पलक्कड़, रांची-गुमला, संगारेड्डी, त्रिची, आगरा-बरेली राजमार्ग, भावनगर-राजुला राजमार्ग, भोपाल-जबलपुर राजमार्ग और हिसार-रोहतक राजमार्ग, मे जून, 2023 को समाप्त तिमाही में ड्राइव टेस्ट आयोजित किए।

ड्राइव परीक्षण सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की गई सेलुलर मोबाइल नेटवर्क मे, आवाज और डेटा सेवाओं के लिए सेवा गुणवत्ता का आकलन करने के लिए आयोजित किए गए थे। विभिन्न शहरों व लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र जहां ड्राइव परीक्षण आयोजित किए गए थे, का विवरण नीचे दिया गया है;

क्रमांक	शहर	लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (LSA)
1.	अगरतला	पूर्वोत्तर
2.	आगरा	उत्तर प्रदेश (पश्चिम)
3.	औरंगाबाद	महाराष्ट्र
4.	भावनगर	गुजरात
5.	भोपाल	मध्य प्रदेश
6.	गुवाहाटी-बोंगाईगांव	पूर्वोत्तर
7.	हिसार	हरियाणा
8.	जयपुर	राजस्थान
9.	ओंगोल	आंध्र प्रदेश
10.	पलक्कड़	केरल
11.	रांची-गुमला	बिहार
12.	संगारेड्डी	आंध्र प्रदेश
13.	त्रिची	तमिलनाडु
14.	आगरा-बरेली राजमार्ग	उत्तर प्रदेश (पश्चिम)
15.	भावनगर-राजुला राजमार्ग	गुजरात
16.	भोपाल-जबलपुर राजमार्ग	मध्य प्रदेश
17.	हिसार-रोहतक राजमार्ग	हरियाणा

2. सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया था।

क. आवाज सेवाओं के लिए केपीआई हैं- कवरेज; कॉल सेटअप सफलता दर(CSSR%); ड्रॉप कॉल दर (DCR%), ब्लॉक कॉल दर(BCR%), हैंडओवर सफलता दर (HOSR%), Rx गुणवत्ता (Rx Qual%)।

ख. डेटा सेवाओं के लिए केपीआई हैं- डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउज़िंग देरी, वीडियो स्ट्रीमिंग देरी और विलंबता।

3. संपूर्ण रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है।

(महेंद्र श्रीवास्तव)
सचिव (प्रभारी)